
# मुझे एक कलाकार के रूप में बदल दिया : कार्तिक



**बॉलीवुड** अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि कबीर खान ने फिल्म चंदू चैंपियन का सिर्फ़ निर्देशन नहीं किया, बल्कि उन्हें एक कलाकार के रूप में बदल दिया.

कार्तिक आर्यन, भारतीय सिनेमा के सबसे पसंदीदा और भरोसेमंद सितारों में से एक हैं. उन्होंने अब आधिकारिक रूप से फ़िल्मफ़ेयर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है.कार्तिक आर्यन ने कबीर ख़ान निर्देशित फ़िल्म चंदू चैंपियन में अपने दमदार और रूपांतरकारी प्रदर्शन के लिए अपना पहला फ़िल्मफ़ेयर सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार अपने नाम कर लिया है.

कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर अपनी भावनाएँ साझा करते हुए लिखा, चैंपियन गिरता हैज पर रुकता नहीं., कुछ पल सपने जैसे लगते हैंज और यह उनमें से एक था. मेरा पहला फ़िल्मफ़ेयर बेस्ट एक्टर अवॉर्ड चंदू चैंपियन के लिए. टीवी पर सिर्फ़ 'ब्लैक लेडी' को देखा करता था, और आज उसे हाथों में थामनाज यह उन सब सपने देखने वालों के लिए है जो कभी हार नहीं मानते.

कार्तिक ने अपने निर्देशक कबीर ख़ान के प्रति भी गहरी कृतज्ञता जताई, उन्हें सचाई, भावना और ताकत से भरे फ़िल्मकार बताते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ़ निर्देशन नहीं किया, बल्कि उन्हें एक कलाकार के रूप में बदल दिया.

उन्होंने निर्माताओं साजिद नाडियाडवाला और वर्धा ख़ान नाडियाडवाला को भी उनके अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद दिया. साथ ही सुदीप चटर्जी को हर फ़्रेम में भावना भरने के लिए और प्रीतम को फ़िल्म में आत्मिक संगीत देने के लिए शुक्रिया कहा. सबसे भावुक पल तब आया जब कार्तिक ने यह अवॉर्ड वास्तविक हीरो मुरलीकांत पेटकर जी को समर्पित किया, जिनकी प्रेरणादायक यात्रा आज भी लाखों लोगों को आगे बढ़ने की ताकत देती है.

# आलिया भट्ट को मिला सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री अवॉर्ड

**बॉलीवुड** अभिनेता कार्तिक आर्यन और अभिषेक बचन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और आलिया भट्ट को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर अवार्ड से सम्मानित किया गया.

शनिवार की रात 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड का आयोजन अहमदाबाद में हुआ. इस अवॉर्ड को शाहरुख खान, करण जौहर और मनीष पॉल ने मिलकर होस्ट किया. फिल्मफेयर अवॉर्ड इवेंट में सबसे यादा जलवा 'लापता लेडीज' का रहा. फिल्म ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए. कार्तिक आर्यन और अभिषेक बचन को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार दिया गया है.फिल्म चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन और आई वॉन्ट टू टॉक के लिए अभिषेक बचन को यह अवॉर्ड मिला.आलिया भट्ट को फिल्म जिगरा के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का फिल्फेयर अवार्ड दिया गया.



सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का क्रिटिक्स अवार्ड्स राजकुमार राव को फिल्म श्रीकांत जबकि सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का क्रिटिक्स अवार्ड प्रतिभा रांटा को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया.

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार रवि किशन को फिल्म लापता लेडीज के लिये दिया गया. इसी फिल्म के लिये सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरसकर छाया कदम को मिला.सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार लापता लेडीज को मिला.



# फिल्म हैवान में अक्षय और सैफ के साथ नजर आयेंगी संयमी


**बॉलीवुड** अभिनेत्री संयमी खेर निर्देशक प्रियदर्शन की फिल्म 'हैवान' में अक्षय कुमार और सैफ अली खान के साथ काम करती नज़र आएंगी.

संयमी खेर इन दिनों कोचि में अपनी आने वाली फिल्म हैवान की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसमें उनके साथ अक्षय कुमार और सैफ अली खान भी नज़र आने वाले हैं. इस फिल्म का निर्देशन मशहूर फिल्मकार प्रियदर्शन कर रहे हैं, जिनके साथ संयमी पहली बार काम कर रही हैं.

संयमी खेर ने कहा, प्रियदर्शन सर के साथ काम करना किसी सपने जैसा लगता है. उनका काम भारतीय सिनेमा का एक अहम हिस्सा रहा है और बचपन से मैं उनकी फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं. आज उनके सेट पर एक कलाकार के रूप में खड़ा होना मेरे लिए बेहद खास एहसास है. मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे हमारे देश के बेहतरीन निर्देशकों जैसे राकेश ओमप्रकाश मेहरा, अनुराग कश्यप, नीरज पांडे, आर. बाल्की, राहुल ढोलकिया और अब प्रियदर्शन सर के साथ काम करने का मौका मिला. हर एक निर्देशक से मैंने बहुत कुछ सीखा है, जिसने मुझे एक बेहतर कलाकार और इंसान बनाया है.

# कॉमेडियन रवि गुप्ता की धमाकेदार एंट्री

**रियलिटी** टीवी की दुनिया में अपने ड्रामे और मनोरंजन के लिए मशहूर 'बिग बॉस 19' इस बार भी दर्शकों को बांधे हुए है. कंटेस्टेंट्स के बीच नोक-झोंक और टास्क के बीच अब एक नए मेहमान की एंट्री ने घर के माहौल को पूरी तरह से बदलकर रख दिया है. मशहूर स्टैंड-अप कॉमेडियन रवि गुप्ता ने 'बिग बॉस' के घर में धमाकेदार एंट्री की और अपनी हाजिर जवाबी तथा मजेदार कॉमेडी से घरवालों को जमकर रोस्ट किया.रवि गुप्ता की एंट्री का प्रोमो जियो हॉटस्टार ने अपने इंस्टाग्राम पर जारी किया, जिसने दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ा दी है.



रवि ने आते ही कंटेस्टेंट्स का जमकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया, जिसे देखकर शो के होस्ट सलमान खान भी अपनी हंसी रोक नहीं पाए. प्रोमो में सलमान खान रवि गुप्ता का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं.

# निया शर्मा ने शेयर किया अपना मॉर्निंग रूटीन

**अपने** स्टाइलिश फैशन और बिंदास पर्सनैलिटी के लिए फेमस टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा 35 साल की उम्र में भी अपनी अदाओं से फैंस को दीवाना बना रही हैं. एक्ट्रेस आए दिन सोशल मीडिया पर कुछ न कुछ इंटरेस्टिंग पोस्ट करती रहती हैं, लेकिन अब उन्होंने अपना ब्यूटी सीक्रेट और स्लिम फिगर का राज फैंस के साथ शेयर किया है.

निया शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट की है. वीडियो में निया ने अपने मॉर्निंग रूटीन के बारे में फैंस को बताया है. निया कहती हैं कि वो सुबह 12 बजे तक सिर्फ लिक्विड डाइट पर रहती हैं. पहले वो अपनी ब्लैक कॉफी पीती हैं, और उसके 1 घंटे बाद वो कड़ी पत्ता और आंवला का पानी पीती हैं, लेकिन उसका टेस्ट इतना कड़वा होता है कि निया कहती हैं कि आत्मा बाहर आ जाए इंसान की.निया आंवला और कड़ी पत्ते का पेस्ट बनाकर रखती हैं और उसे गर्म पानी के साथ लेती हैं. निया काढ़ा पीने के आधे घंटे बाद अपनी ड्रैगन फ्रूट स्मूदी पीती हैं. निया बताती है कि इसमें खजूर, बादाम, और ब्लूबेरी हैं. कुल मिलाकर एक्ट्रेस अपने चेहरे के निखार और परफेक्ट फिगर के लिए काफी मेहनत करती हैं. जिम जाने के साथ-साथ अछा लाइफस्टाइल भी अपनाती हैं

# तलाक के बाद सामंथा रूथ प्रभु ने की नई शुरुआत

**साउथ** सिनेमा की जानी-मानी एक्ट्रेस सामंथा रूथ प्रभु ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक बड़ी खुशखबरी शेयर की है. दशहरा के शुभ मौके पर उन्होंने बताया था कि वह अब अपने नए घर की मालकिन बन चुकी हैं, और अब उन्होंने अपने गृह प्रवेश की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर शेयर की हैं.

दरअसल, सामने आई इन फोटोज में वह लाल सूट में गृह प्रवेश की पूजा करती नजर आ रही हैं. उनके इस सादगी भरे और शांत अंदाज ने फैंस का दिल जीत लिया है. तस्वीरों में उनका खूबसूरत घर, पूजा रूम और उनके प्यारे पेट्स भी दिखाई दे रहे हैं. सामंथा की ये झलकियां उनके फैंस के लिए एक खास तोहफा साबित हुई हैं. पोस्ट में सामंथा ने अपने घर के रॉयल हाल, सजाए गए पूजा स्थल और अपने पेट्स के साथ खेलते हुए फोटो शेयर की हैं. कभी वह जिम में वर्कआउट करती नजर आती हैं, तो कभी अपने पालतू जानवरों के साथ खेलती हुई. हर तस्वीर में उनके स्टाइलिश और हसीन अंदाज ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है. फैंस ने इन पोस्ट्स पर ढेरों लाइक्स और कमेंट्स किए हैं.




# दिव्य प्रेम : प्यार और रहस्य की कहानी

**रहस्य,** शक्ति और फैंटेसी से भरी दुनिया में कदम रखते हुए, अभिनेत्री रिधिमा तिवारी अब सन नियो के लोकप्रिय शो 'दिव्य प्रेम- प्यार और रहस्य की कहानी' में एक नई ऊर्जा लेकर आ रही हैं. शो में उनकी एंट्री शक्तिशाली राक्षसी के रूप में होगी, जिससे कहानी एक अप्रत्याशित और रोमांचक मोड़ लेगी. उनके आने से दर्शकों को भरपूर ड्रामा, रहस्य और अलौकिक ट्विस्ट देखने को मिलने वाला है.

अपना अनुभव साझा करते हुए रिधिमा तिवारी ने कहा,मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूँ, क्योंकि इस प्रोडक्शन हाउस के साथ यह मेरा पहला अनुभव है. हमारी टीम बहुत शानदार है, भले ही मैं शो में छह महीने बाद जुड़ी हूँ, लेकिन सभी ने मेरा पूरे सहज भाव से स्वागत किया.

एक कलाकार के रूप में अपने हर किरदार को ईमानदारी से निभाना हमारी ज़िम्मेदारी होती है और मैं इसे पूरी गंभीरता से निभाती हूँ.



# गाना बाझिन के गोदिया रिलीज के लिए तैयार

**भोजपुरी** सिनेमा की लोकप्रिय एक्ट्रेस चांदनी सिंह अपने नए म्यूजिक वीडियो 'बाझिन के गोदिया' के साथ एक बार फिर दर्शकों के दिलों पर छाने के लिए तैयार हैं. रविवार को एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट की घोषणा की. चांदनी ने पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा कि सोमवार को धमाकेदार गाना सिर्फ चांदनी सिंह एंटरटेनमेंट यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा. आप सभी अपना प्यार और आशीर्वाद बनाए रखें. चांदनी सिंह के इस पोस्ट के बाद फैंस में गाने को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. पोस्टर में चांदनी का ट्रेडिशनल लुक और रंगीन पृष्ठभूमि यह संकेत देती है कि गाना लोक रंग और उत्सव के माहौल से भरपूर होगा. 'बाझिन के गोदिया' गाने को मशहूर सिंगर खुशबू तिवारी ने अपनी सुरीली आवाज में गाया है.





# नए अवतार में वापसी कर रही टाटा सिएरा

**टाटा** मोटर्स अपनी मशहूर और क्लासिक SUV टाटा सिएरा को एक बार फिर भारतीय बाजार में पेश करने जा रही है. ये वही मॉडल है, जिसने 1990 के दशक में भारतीय ग्राहकों के बीच अपनी खास पहचान बनाई थी. अब कंपनी इसे एक पूरी तरह मॉडर्न डिजाइन और मल्टी-पावरट्रेन तकनीक के साथ नए रूप में लॉन्च करने की तैयारी कर रही है. टाटा मोटर्स ने हाल ही में पुष्टि की है कि वह वित्त वर्ष 2030 तक सात नए मॉडल लॉन्च करेगी.

**डीजल वेरिएंट-** डीजल वेरिएंट में हैरियर से लिया गया 2.0 लीटर टर्बो इंजन इस्तेमाल होने की संभावना है. ये डीजल इंजन अधिकतम 170 बीएचपी और 350 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है. ट्रांसमिशन ऑप्शन में 6-स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक शामिल होने की उम्मीद है. हाई ट्रिम्स AWD सिस्टम के साथ होंगे. टाटा सिएरा ईवी में हैरियर ईवी से पावरट्रेन लिया जा सकता है ये 500 किमी से अधिक की रेंज दे सकती है.

**फीचर्स-** बिल्कुल नई सिएरा में ट्रिपल स्क्रीन होंगी, जो शायद टॉप ट्रिम्स के लिए होंगी. टाटा की नए ज़माने की डिज़ाइन भाषा को ध्यान में रखते हुए, इस नई मिड साइज एसयूवी में 4-स्पोक स्टीयरिंग व्हील होगा जिसके बीच में एक रोशन टाटा लोगो होगा.

**इस एसयूवी में 'सिएरा' बैजिंग होगी-** प्रोडक्शन के लिए तैयार टाटा सिएरा में ओजी बॉक्सी स्टांस, अल्पाइन विंडो डिजाइन और चौड़े बी-पिलर्स बरकरार रहेंगे. नए मोनोकॉक चेसिस पर बनी इस एसयूवी में 'सिएरा' बैजिंग, इंटरकनेक्टिंग फुल-चौड़ाई वाली एलईडी स्ट्रिप के साथ डिजाइन वाले एलईडी डीआरएल, चौकोर व्हील आर्च, फ्लश डोर हैंडल, एलॉय व्हील, मोटी बॉडी क्लैडिंग और एलईडी टेल लैंप होंगे.

# हुंडई वेन्यू फेसलिफ्ट 4 नवंबर को भारत में लॉन्च

**हुंडई** अपनी पॉपुलर सब कॉम्पैक्ट स्कू वेन्यू का नया वर्जन बहुत जल्द लॉन्च कर करने की तैयारी में है. Autocar India की रिपोर्ट के मुताबिक, हुंडई 4 नवंबर को भारत में अपनी नेक्स्ट जनरेशन की वेन्यू को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है. नई वेन्यू का प्रोडक्शन कंपनी के महाराष्ट्र स्थित नए तलेगांव प्लांट में शुरू हो गया है.

**डिजाइन** - 2025 हुंडई वेन्यू पहले से ज्यादा बॉक्सी लुक के साथ आएगी. इस गाड़ी के आगे का लुक एकदम नया होगा. आगे की साइड पर इसमें स्क्वायर हाउसिंग के अंदर की तरफ स्प्लिट एलईडी हेडलाइट दी जाएंगी, जबकि डीआरएल्स को इसमें सी-मोटिफ में पोजिशन किया गया है. इसमें हुंडई अल्कजार से इंस्पायर्ड नई रेक्टेंगुलर ग्रिल दी गई है जो इसे काफी प्रीमियम लुक देगी.

साइड प्रोफाइल पर इसमें चौडा व्हील आर्क और नए अलॉय व्हील्स दिए गए हैं जो इसे काफी दमदार लुक देंगे. पीछे की साइड पर इसमें मौजूदा मॉडल की तरह कनेक्टेड एलईडी टेललाइट दी जाएंगी, हालांकि इसकी डिजाइन पहले से एकदम नई होगी. यदि आप सेकंड जनरेशन हुंडई वेन्यू एन लाइन की टेस्टिंग की तस्वीरें देखना चाहते हैं तो यहां क्लिक कर सकते हैं.

**इंटीरियर-** हुंडई वेन्यू न्यू मॉडल का केबिन पहले से एकदम नया होगा. जैसा कि हम इससे पहले जारी हुए स्पाय शॉट में देख चुके हैं, इसमें क्रेटा और अल्कजार की तरह डुअल-स्क्रीन सेटअप (संभावित 10.25-टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम और 10.25-इंच डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले) दिया जाएगा.




इसमें सेंटर एसी वेंट्स को स्क्रीन के नीचे की तरफ पोजिशन किया गया है, जबकि कंसोल पर मीडिया के लिए रोटरी डायल्स और क्लाइमेट कंट्रोल्स के लिए बटन दिए गए हैं. इसमें नया स्टीयरिंग व्हील, ऑटो-डिमिंग आईआरवीएम और डैशकैम भी दिया गया है.

**फीचर और सेफ्टी-** नई हुंडई वेन्यू कार में डुअल 10.25-इंच डिस्प्ले के अलावा पैनोरमिक सनरूफ और वेंटिलेटेड फ्रंट सीटें दी जा सकती है.

# कारों में डैशकैम लगवाना क्यों है जरूरी

**भारत** में गाड़ियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है और इसके साथ ही बढ़ रहे हैं सड़क हादसे. ऐसे में अगर आप अपनी कार और खुद को ज्यादा सेफ रखना चाहते हैं, तो डैशकैम लगाना एक स्मार्ट फैसला हो सकता है. डैशकैम खरीदने या लगाने से पहले कुछ जरूरी बातें ध्यान में रखना बेहद जरूरी है.

**क्या होता है डैशकैम** ?- नाम से ही आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इसे कार में एक्सेसरी के तौर पर लगाया जाता है. डैशकैम दरअसल ये एक छोटा-सा कैमरा होता है. इसे आप आसानी से डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर फिट कर सकते हैं. जब आप कार से सफर कर रहे होते हैं तो ये कैमरा पूरे व्यू को रिकॉर्ड करता है. इस तरह, अगर कभी कोई एक्सीडेंट या अनचाही घटना हो जाए, तो ये रिकॉर्डिंग कार सवार के बहुत काम आ सकती है.



**कार में डैशकैम लगवाना क्यों है जरूरी?-** कई लोग कार खरीदने के बाद उसकी सेफ्टी के लिए कई तरह की एक्सेसरीज लगवाते हैं. लेकिन अगर ड्राइव करते समय कोई हादसा हो जाए, तो साबित करना मुश्किल हो जाता है कि गलती आपकी नहीं थी. ऐसे हालात में डैशकैम आपके बहुत काम आता है. ये कैमरा आसानी से कार में लगाया जा सकता है और हादसे की असली वजह रिकॉर्ड कर देता है.

**डैशकैम खरीदने से पहले किन बातों का रखें ध्यान?** - अगर आप अपनी कार के लिए डैशकैम खरीदने की सोच रहे हैं, तो कुछ चीजों पर आपको ध्यान देना जरूरी है. मार्केट में आपको डैशकैम की कई वैरायटी मिल जाएंगी, लेकिन कोशिश करें कि ऐसी डिवाइस लें जिसमें क्वालिटी अच्छी हो, बैटरी ज्यादा देर तक चले और स्टोरेज भी बड़ा हो. अच्छी क्वालिटी का डैशकैम इसलिए फायदेमंद है क्योंकि इसमें रिकॉर्ड हुई वीडियो हाई क्वालिटी में आती है.

# येज़्दी रोडस्टर और एडवेंचर की बढ़ी डिमांड

**जावा** और येज्दी बाइक बनाने वाली 'क्लासिक लीजेंड्स' ने शनिवार को कहा कि त्योहारी सत्र में उसकी बुकिंग में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. कंपनी का कहना है कि नए मॉडल की पेशकश, माल व सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े फायदों आदि के कारण इस त्योहारी सत्र में उसकी बुकिंग में यह उछाल आया है. कंपनी के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा ने शुक्रवार को जयपुर में जावा येज्दी राइडर क्लब की बैठक में कहा, इस सत्र में राजस्थान में कंपनी की बुकिंग पिछले साल की तुलना में तीन गुना बढ़ गई है.

**बाइक की सेल हुई तेज-** उन्होंने कहा, रोडस्टर और एडवेंचर बाइक के नए संस्करण की पेशकश, 350 सीसी से कम क्षमता वाली बाइक पर जीएसटी में कटौती से इस त्योहार सत्र में यह बढोतरी हुई है.' उन्होंने कहा कि पिछले साल 'फ्लिपकार्ट' पर क्लासिक बाइक की अच्छी बिक्री दर्ज करने के बाद जावा येज्दी अब अमेजन वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं. थरेजा ने कहा कि कंपनी ने हाल ही में नई येज्दी रोडस्टर बाजार में उतारी है जिसे लंबी दूरी की यात्रा के लिए आधुनिक क्लासिक बाइक के रूप में पेश किया गया और इसमें कस्टामाइजेशन के 50 से ज्यादा विकल्प हैं. उन्होंने बताया कि राजस्थान के 11 शहरों में कंपनी की 14 डीलरशिप हैं, जो उसके राष्ट्रीय खुदरा नेटवर्क का लगभग पांच प्रतिशत है.

**इंजन कैसा होगा-** नई येज़्दी रोडस्टर में एडवेंचर वाला अपडेटेडAlpha 2 इंजन दिया है. 334 सीसी का लिक्विड-कूल्ड इंजन 29.6 बीएचपी और 29.9 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है, जिसे 6-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है.

**कीमत-** जीएसटी 2.0 के बाद येज़्दी रोडस्टर और एडवेंचर की एक्स-शोरूम कीमत में लगभग 16,000 से 17,000 की कमी आई है. रोडस्टर की पुरानी कीमत 2,09,969 से घटकर 1,93,565 हो गई है, जबकि एडवेंचर की पुरानी कीमत 2,14,900 से घटकर 1,98,111 हो गई है.

